सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-360
22/08/2017

मुख्यमंत्री ने पूर्णिया में फूड पैकेटिंग सेंटर, बाढ़ राहत शिविर, पशु राहत शिविर, सामुदायिक किचेन का निरीक्षण किया

पटना, 22 अगस्त 2017 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्णिया में की जा रही बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पूर्णिया में बनायी गयी फूड पैकेटिंग सेन्टर, बाढ़ राहत शिविर, पशु राहत शिविर, सामुदायिक किचेन का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने पूर्णिया महाविद्यालय में अवस्थित फूड पैकेटिंग सेंटर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं बाढ़ पीड़ित लोगों के लिये बनाये जा रहे फूड पैकेट्स में डाली जा रही सभी सामग्रियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने फूड पैकेट्स में डाले जा रहे सामग्रियों का वजन भी देखा। पूर्णिया महाविद्यालय में मुख्यमंत्री ने सूखा राशन पैकेटिंग केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने चाइल्ड लेबर स्कूल बेलगाछी, डगरूआ में चलायी जा रही बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत शिविर में रह रहे लोगों से मुलाकात की तथा उनका हाल—चाल जाना। उन्होंने बाढ़ राहत शिविर में चलाये जा रहे किचेन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं भोजनालय में बनाये जा रहे खानों को देखा एवं निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत शिविर में रह रहे बच्चों से बातचीत की तथा उन्हें बाढ़ राहत शिविर में दी जा रही सुविधा एवं भोजन के संबंध में पूछा। मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत शिविर में चलाये जा रहे स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा उपलब्ध दवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने डगरूआ में लगाये गये पशु राहत शिविर का भी निरीक्षण किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पवन मोटर्स बारसोई में चलाये जा रहे सामुदायिक किचेन का निरीक्षण किया। सामुदायिक किचेन में मुख्यमंत्री ने लोगों से हाल—चाल पूछा। मुख्यमंत्री ने स्वयं सामुदायिक किचेन में बनाये जा रहे भोजन को देखा तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिये।

निरीक्षण के क्रम में सांसद श्री संतोष कुमार, विधायक श्रीमती लेसी सिंह, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, आयुक्त पूर्णिया प्रमण्डल सुश्री टी0एन0 बिन्धेश्वरी, विशेष प्रमण्डलीय आयुक्त श्री सुधीर कुमार, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, जिलाधिकारी पूर्णिया, वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्णिया सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******